हादसों से भी नहीं जागी फोरलेन कंपनी

पिटगारा चौराहे पर दो दुर्घटनाओं के बाद भी नहीं बने स्पीड ब्रेकर, चिकनी सड़क जेसीबी से उखाड़ने पर ग्रामीणों में आक्रोश

बदनावर। ग्राम पिटगारा चौराहे पर फोरलेन कंपनी की कार्यप्रणाली पर ग्रामीणों ने गंभीर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों के अनुसार करीब छह माह पहले तक चौराहे पर स्पीड ब्रेकर बने हुए थे, लेकिन सड़क मरम्मत के दौरान उन्हें हटा दिया गया। इसके बाद जब ग्रामीणों ने दोबारा स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग की तो कंपनी ने दावा किया कि विशेष तकनीक से सड़क बनाई जा रही है, जिससे चौराहे पर वाहनों की गति स्वतः नियंत्रित हो जाएगी।

ग्रामीणों का आरोप है कि कंपनी का यह दावा पूरी तरह गलत साबित हुआ। विशेष तकनीक से बनी सड़क बारिश के दौरान अत्यधिक चिकनी हो गई, जिससे भारी वाहन ब्रेक लगाते ही फिसलने लगे। कुछ दिन पूर्व लगातार दो दिनों में दो ट्रक इसी स्थान पर फिसलकर अनियंत्रित हो गए। गनीमत रही कि दोनों घटनाओं में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन बड़ा हादसा टल गया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इन घटनाओं से पहले भी कई बार फोरलेन कंपनी और प्रशासन को स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग से अवगत कराया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। हादसों के बाद सड़क की चिकनाई कम करने के लिए कंपनी ने जेसीबी से सड़क की ऊपरी सतह उखाड़ दी। ग्रामीणों का कहना है कि यह कोई स्थायी समाधान नहीं है, बल्कि इससे सड़क और अधिक क्षतिग्रस्त हो गई है तथा दोपहिया और छोटे वाहनों के फिसलने का खतरा बढ़ गया है।ग्रामीणों के अनुसार पिटगारा चौराहा मंडी मार्ग से जुड़ा होने के कारण यहां दिनभर भारी वाहनों सहित अन्य वाहनों का आवागमन रहता है। प्रतिदिन स्कूली बच्चे, स्कूल बसें, किसान, बुजुर्ग एवं ग्रामीण इसी चौराहे से गुजरते हैं। स्पीड ब्रेकर नहीं होने से वाहन तेज रफ्तार से चौराहा पार करते हैं, जिससे हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द स्पीड ब्रेकर निर्माण एवं अन्य सुरक्षा उपाय किए जाने की मांग की है।

एसडीएम ने दिए कार्रवाई के निर्देश

इस संबंध में जब बदनावर एसडीएम प्रियंका मिमरोट से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि पिटगारा चौराहे की समस्या को गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि एमपीआरडीसी के संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए जाएंगे तथा इस विषय को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में शामिल कर उचित एवं स्थायी समाधान कराया जाएगा।

बाकानेर में हर सप्ताह लगेंगे शिकायत निवारण शिविर

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान 2026 में योजनाओं की मॉनिटरिंग और जन-संवाद पर जोर

बाकानेर। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान 2026 का संचालन 07 अगस्त से 08 जनवरी 2027 तक किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत उमरबन की ग्राम पंचायत बाकानेर में प्रत्येक सोमवार को जन-शिविर आयोजित किए जाएंगे।

कलेक्टर धार के निर्देशानुसार अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र भ्रमण, निरीक्षण एवं जन-संवाद के माध्यम से आम नागरिकों की शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण करना, शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करना तथा लोक सेवाओं को निर्धारित समय-सीमा में आमजन तक पहुंचाना है।

ग्राम पंचायत सचिव भगवान सोलंकी ने बताया कि ग्राम पंचायत बाकानेर में प्रत्येक सोमवार को शिविर आयोजित होगा, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहकर आमजन की समस्याओं का निराकरण करेंगे।अभियान के लिए श्री प्रमोद सिंह गुर्जर, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), मनावर को नोडल अधिकारी तथा बाकानेर सेक्टर के लिए श्री रोहित पचौरी को सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया गया है। दोनों अधिकारी शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप अभियान का प्रभावी संचालन एवं आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।

ग्राम पंचायत द्वारा क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं, शिकायतों एवं सुझावों से अधिकारियों को अवगत कराएं तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करें।

महू के सरकारी अस्पताल में बड़ा हादसा टला

महू. मध्य भारत अस्पताल में सोमवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया. सुबह करीब 11.30 बजे अस्पताल भवन के एक हिस्से का छज्जा अचानक भरभराकर नीचे गिर गया. हादसे के वक्त घटना स्थल के ठीक नीचे एक मासूम बच्चा बैठा हुआ था, जो मलबे की चपेट में आने से बाल-बाल बच गया। छज्जा गिरने की तेज आवाज से पूरे अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया और मरीजों व उनके परिजनों के बीच अफरा-तफरी का माहौल बन गया. घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जोरदार आवाज होते ही लोग घबराकर मौके की ओर दौड़े। चश्मदीदों के अनुसार, बच्चा कुछ समय पहले ही उस जगह से थोड़ा हटा था। अगर वह ठीक उसी स्थान पर मौजूद रहता, तो एक बड़ी अनहोनी हो सकती थी।

साध्वी ऋतुम्भरा भोजशाला में दर्शन के लिए धार आएंगी कल

धार। सेवा, संस्कार, स्वाभिमान, राष्ट्र और हिंदुत्व जागरण की प्रखर वक्ता के रूप में देशभर में अपनी पहचान बना चुकीं, पद्म भूषण सम्मानित पूज्या दीदी मां साध्वी ऋतम्भरा 6 अगस्त को धार प्रवास पर रहेंगी। उनके आगमन को लेकर जिले के श्रद्धालुओं और विभिन्न सामाजिक संगठनों में उत्साह का वातावरण है।

पंजाब के मंडी दोराहा में जन्मी साध्वी ऋतम्भरा ने युवावस्था में ही आध्यात्मिक जीवन का मार्ग अपनाया। श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान उनके ओजस्वी उद्बोधनों ने उन्हें देशभर में हिंदुत्व का ज्वार सभी ने देखा इसके बाद उन्होंने सेवा कार्यों को अपने जीवन का उद्देश्य बनाया-वर्ष 1992 में स्थापित परमशक्ति पीठ के माध्यम से उन्होंने निराश्रित बच्चों, परित्यक्त महिलाओं और उपेक्षित वृद्ध माताओं के लिए सेवा कार्य शुरू किए। वृंदावन स्थित वात्सल्य ग्राम आज परिवार आधारित सेवा और पुनर्वास की एक अनूठी मिसाल हैं। यहां बच्चों को शिक्षा, संस्कार, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता का वातावरण उपलब्ध कराया जाता है।

एक नजर में

नि:शुल्क नेत्र परीक्षण और मोतियाबिंद शिविर

सरदारपुर (धार)। भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट, जिला अंधत्व निवारण समिति, धार एवं चौइथराम नेत्रालय, इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में सिविल अस्पताल, सरदारपुर में विशाल नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद निवारण (लेंस प्रत्यारोपण) शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन डॉ. शीला मुजाल्दा (बीएमओ, सरदारपुर) एवं डॉ. सौरभ बौरासी (डीपीएम, नेत्र रोग विशेषज्ञ, जिला चिकित्सालय, धार) के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सरदारपुर श्री अजमेर सिंह गौड़ के मुख्य आतिथ्य एवं डॉ. शीला मुजाल्दा की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश जी के पूजन-अर्चन के साथ किया गया। इसके पश्चात भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट की ओर से राष्ट्रीय संयोजक श्री प्रेम कुमार वैद्य, प्रदेश अध्यक्ष श्री महेश कुमार वर्मा, प्रदेश विधि प्रभारी श्री बी. जे. उपाध्याय एवं जिला अध्यक्ष श्री योगेन्द्र तिवारी ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। स्वागत उद्बोधन राष्ट्रीय संयोजक श्री प्रेम कुमार वैद्य ने दिया। अपने संबोधन में उन्होंने ट्रस्ट द्वारा संचालित जनकल्याणकारी एवं स्वास्थ्य सेवा संबंधी गतिविधियों की जानकारी देते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाने के संकल्प को दोहराया। मुख्य अतिथि श्री अजमेर सिंह गौड़ (एसडीएम, सरदारपुर) ने भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित किए जा रहे नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविरों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। उन्होंने भविष्य में भी प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। प्रदेश अध्यक्ष महेश कुमार वर्मा द्वारा संगठन द्वारा किए जाने वाले आगामी योजनाओं की जानकारी दी गई। एसडीएम श्री गौड़ ने फिता काटकर शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नेत्र चिकित्सा सहायक श्री सतीश पाराशर को स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं समर्पित सेवाओं के लिए एसडीएम श्री अजमेर सिंह गौड़ द्वारा पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया।

सरदारपुर में मां माही शबरी कांवड़ यात्रा आज निकलेगी

सरदारपुर। क्षेत्र की धार्मिक एवं सांस्कृतिक आस्था का प्रतीक ऐतिहासिक मां माही शबरी कावड़ यात्रा इस वर्ष भी 17 अगस्त श्रावण माह के तीसरे सोमवार को भव्य रूप से निकाली जाएगी। आयोजन की तैयारियों को लेकर रविवार को स्थानीय कृषि उपज मंडी प्रांगण में वृहद बैठक आयोजित की गई, जिसमें राजगढ़ क्षेत्र के लगभग 60 गांवों के प्रबुद्धजन व समाजजन शामिल हुए। बैठक में यात्रा की रूपरेखा तय करने के साथ ही कार्यक्रम को सुव्यवस्थित और भव्य बनाने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियों की टोलियों का गठन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत धर्म जागरण सहसंयोजक ललित कोठारी, ग्राम विकास विभाग सहसंयोजक लक्ष्मण सोलंकी तथा जिला संघ चालक बाबूलाल हामड़ मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि क्षेत्र में श्रद्धा व आस्था जागरण के साथ ही संगठित हिन्दू समाज की सक्रियता के लिए इस प्रकार के वृहद धार्मिक आयोजन अत्यंत आवश्यक हैं। ये आयोजन ही समाज में धर्म की अलख जगाने व जागरूकता लाने का सशक्त माध्यम हैं।

नरसिंह देवला से जल लेकर झिरणेश्वर झिरणेश्वर महादेव का करेंगे जलाभिषेक -मां माही शबरी कावड़ यात्रा का शुभारंभ 17 अगस्त, सोमवार को सुबह 10:00 बजे पवित्र धाम नरसिंह देवला से होगा। नरसिंह देवला धाम पर कावड़ यात्री मां माही का पवित्र जल भरेंगे। यात्रा के प्रारंभ में यहाँ एक विशाल धर्मसभा आयोजित की जाएगी, जिसे पूज्य संतों एवं प्रखर वक्ताओं द्वारा संबोधित किया जाएगा। धर्मसभा के पश्चात यात्रा नरसिंह देवला से प्रारंभ होकर सरदारपुर और राजगढ़ नगर होते हुए आगे बढ़ेगी। कावड़ यात्रा प्रसिद्ध झिरणेश्वर महादेव मंदिर पहुँचेगी, जहाँ भगवान शिव का पवित्र माही जल से जलाभिषेक करने के साथ यात्रा का समापन होगा। यात्रा मार्ग में विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों द्वारा स्वागत मंच बनाए जाएँगे। कावड़ियों के लिए चाय, अल्पाहार, शीतल पेयजल और स्वास्थ्य सेवाओं की व्यापक व्यवस्था रहेगी।

चक्कीवाले महादेव की राजसी पालकी यात्रा निकली

महू. नगर के आस्था एवं विश्वास के प्रतीक और राजाधिराज श्री चक्की वाले महादेव की पारंपरिक भव्य राजसी पालकी यात्रा एवं ऐतिहासिक नगर भ्रमण रविवार को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के वातावरण में संपन्न हुआ. दोपहर 4 बजे श्री चक्की वाले महादेव मंदिर से प्रारंभ हुई यह भव्य यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली, जहां हजारों श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के जयघोष के साथ शामिल हुए. यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष, युवा एवं बच्चे उत्साह और उमंग के साथ शामिल हुए। संपूर्ण नगर भक्तिमय वातावरण में सराबोर नजर आया. श्री चक्की वाले बाबा पालकी भक्त मंडल एवं सेवा समिति (रजि.) के अनुसार, इस वर्ष की पालकी यात्रा का मुख्य आकर्षण उज्जैन के राजा अवन्तिकाधीश बाबा महाकाल का चंद्रमालेश्वर स्वरूप पालकी में तथा मनमहेश स्वरूप हाथी पर विराजमान होकर नगर भ्रमण करना रहा.

राधे-राधे बाबा के प्रवचन आज

सरदारपुर। अखिल भारतीय निर्मोही अखाड़ा के मंहत और राष्ट्रीय प्रवक्ता राधे-राधे बाबा 4 अगस्त को रात्रि 8 बजे सरदारपुर पहुंचेंगे। बाबा के आगमन को लेकर नगर, क्षेत्र के गुरु भक्तों में उत्साह है। भागवत सत्संग समिति और हरिओम मंडल के राजेन्द्र ग्रेवाल, शैतानसिंह चौहान ने बताया कि 5 जुलाई को नगर के माहीं मार्ग पर स्थित कम्यूनिटी हॉल में सुबह 11 बजे गुरु भक्तों द्वारा बाबा का पाद पूजन और सम्मान स्वागत किया जाएगा। इस कार्यक्रम के बाद प्रात: 12 से 4 बजे तक राधे-राधे बाबा अमृत ज्ञान वचन देंगे।

माहेश्वरी महिला मंडल बाग ने चलाया पौधारोपण अभियान

बाग। माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा मंगलवार को महाकालेश्वर मंदिर से मुक्तिधाम परिसर तक एवं मुक्तिधाम में बिल्वपत्र के 31 पौधे रोपे गए महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में यह आयोजन किया गया। सभी मंडल कि महिलाएं एकत्रित हो कर पौधा रोपण किया गया महिला मंडल द्वारा बताया गया कि बिल्वपत्र के पेड के निचे से गुजरने वाली शवयात्रा वृक्ष कि छांव से गुजरती है तो उसे मोक्ष मिलता है इसी उद्देश्य से यह बिल्वपत्र के पेड इस मुक्तीधाम मार्ग पर लगाएं गये है साथ ही वायुमंडल में व्याप्त अशुद्धियां को सोखने की क्षमता सबसे ज्यादा बिल्वपत्र के वृक्ष में होती है साथ ही जीवन में एक बार शिवलिंग पर बेलपत्र चढ़ाकर उस व्यक्ति को पाप से मुक्ति मिलती है।

नायब तहसीलदार पद पर पदोन्नत ओमप्रकाश गोयल का सम्मान

बदनावर/कानवन। प्रांतीय पटवारी संघ शाखा बदनावर द्वारा शनिवार को शिव वाटिका, कानवन में राजस्व निरीक्षक से नायब तहसीलदार पद पर पदोन्नत हुए ओमप्रकाश गोयल के सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एसडीएम प्रियंका मिमरोट तथा अध्यक्षता तहसीलदार (भू-संसाधन प्रबंधन) धार राधेश्याम धाकड़ ने की। अतिथियों ने श्री गोयल को राजस्व विभाग में उत्कृष्ट एवं कर्तव्यनिष्ठ सेवाओं के लिए प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके कार्यों की सराहना करते हुए नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। समारोह में धार जिले से अन्य जिले में स्थानांतरित हुए पटवारी कृष्णबिहारी श्रीवास्तव, नरेन्द्र खरसौदिया एवं भरत कुमार पाटीदार को भी सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। कार्यक्रम का संचालन पटवारी संजय जाट ने तथा आभार प्रदर्शन पटवारी पवन महंत ने किया। इस अवसर पर धीरेन्द्र चौहान, महेंद्र यादव, सूर्यपाल रावत, दीपक परमार, दीपक वर्मा, काशीराम सप्लीया, शांतिलाल पाटीदार, परम पाटीदार, मयंका श्रीवास्तव, उषा कटारे, रश्मि ठाकुर, सुषमा कश्यप सहित बड़ी संख्या में पटवारी एवं राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्थानांतरित पटवारियों को भी दी विदाई

प्राचीन शंकर मंदिर पर हो रहा मास परायण

पारा। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर के बस स्टैण्ड स्थित प्राचीन शंकर मंदिर पर पवित्र श्रावण मास में श्री रामचरितमानस मास पारायण पाठ का संगीत मय आयोजन रामायण मंडल पारा द्वारा किया जा रहा है। वहीं पृथ्वीराज मंदिर पर गौरव डोडिया उनके साथी व भक्तों द्वारा प्रतिदिन पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर पूजन अभिषेक कर आरती पश्चात विसर्जन किया जा रहा है।

साथ हीं दोनों शंकर मंदिर पर प्रतिदिन भगवान भोलेनाथ का अकर्षक श्रंगार भी किया जा रहा है। सावन के पहले सोमवार को प्राचीन शंकर मंदिर पर केदारनाथ कै रूपये का श्रंगार पंडित राहुल शर्मा व उनकी मंडली ने किया। वहीं पृथ्वी राज मंदिर पर कुब्रेश्वर धाम का श्रंगार किया गया। दोनों हीं मंदिर पर देर रात भजनों की भक्ति रस की गंगा बहती रहीं। मंदिरो पर संध्या आरती के पश्चात फरियाली खिचड़ी व दूध की खीर व ठंडाई का वितरण प्रसादी के रूप में किया गयाञ रात्री मे रामायण मंडल व पंडित संजय शर्मा लाखनसिंह डोडिया द्वारा मास पारायण कै बाद सुन्दर भजनो की प्रस्तुति डी गईं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नगर कै श्रद्धालुजन उपस्थित थे।

महू गांव में जनसेवा शिविर आयोजित

महू. काकर पुरा वार्ड क्रमांक 6 में टीम अरशद खान द्वारा एक दिवसीय विशाल जनसेवा शिविर का आयोजन किया गया. इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर और आम नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना तथा आवश्यक दस्तावेज़ आसानी से उपलब्ध कराना था. शिविर में सुबह से ही स्थानीय नागरिकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

इस दौरान शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत महत्वपूर्ण दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी और आयुष्मान कार्ड बनाए गए.

पतंजलि योगपीठ में उत्साह पूर्वक मनाया जड़ी-बूटी दिवस, औषधीय पौधे रोपे

धार। पतंजलि योग पीठ हरिद्वार द्वारा आधुनिक युग के धन्वंतरि आयुर्वेद को सम्पूर्ण विश्व में स्थापित किया गया है। यहां के योग ऋषि स्वामी रामदेव के मित्र आचार्य बालकृष्ण महाराज के जन्म उत्सव पर पतंजलि योगपीठ जिला धार द्वारा जड़ी-बूटी दिवस उत्साह से मनाया गया। इस दौरान औषधीय पौधों का रोपण भी किया गया।

जानकारी अनुसार भारत स्वाभिमान जिला प्रभारी एवं युवा भारत सह राज्य प्रभारी विक्रम डूडी, महिला पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी संगीता पांडर, जिला यज्ञ प्रभारी लाखनसिंह आर्य, युवा भारत सह जिला प्रभारी पंकज जैन, सोनु सोनी, मोनु सोनी कपूर, शेखर, महिला पतंजलि सह जिला प्रभारी राधा मालवीय, रूपाली शर्मा, रेणु अग्रवाल, भारत, विजय, अमित जी सहित बड़ी संख्या में योग साधकों की गरिमामय उपस्थिति में योग शिविर लगाया। भगवान भूत भोलेनाथ धारनाथ की शरण में विक्रम डूडी एवं संगीता पांडर के सानिध्य में आयोजित किया गया। धारेश्वर प्रांगण में औषधीय पौधे रोपे गए। आचार्य बालकृष्ण की लम्बी उम्र की कामना करते हुए उनके द्वारा किए गए जड़ी-बूटी के अनुसंधान के बारे में जानकारी साझा की गई।

एक नजर में

ठेकेदार का कहना कि जल्द शुरू होगा सड़क मरम्मत कार्य, बारिश में खतरे का भी अंदेशा

पिटगारा-दांगीखेड़ी मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे, पानी भरने से ग्रामीण हो रहे परेशान

बदनावर। ग्राम पिटगारा से दांगीखेड़ी तक जाने वाली प्रधानमंत्री सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो जाने से राहगीरों और ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के कारण इन गड्ढों में पानी भर जाने से सड़क पर कीचड़ फैल गया है, जिससे दोपहिया वाहन चालकों और पैदल राहगीरों के लिए आवागमन मुश्किल हो गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर भारी वाहनों की आवाजाही के कारण सड़क बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। गड्ढों में लंबे समय तक पानी भरा रहने से आसपास कीचड़ जमा रहता है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि इससे मच्छरों के पनपने और मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ने की आशंका बनी रहती है।

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क की तत्काल मरम्मत करवाई जाए, ताकि लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी से राहत मिल सके।

इस संबंध में ठेकेदार से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि सड़क की वर्तमान स्थिति की जानकारी मिली है। जल्द ही मौके का निरीक्षण कराकर आवश्यक मरम्मत कार्य शुरू कराया जाएगा।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की मरम्मत में हो रही देरी से उनकी परेशानियां लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर सड़क को सुरक्षित और सुगम बनाने की मांग की है।